श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 112, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शनिवार, 28 नवम्बर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

# सीएम योगी ने पीएम मोदी के दौरे की देखी तैयारियां

**वाराणसी, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देव दीपावली पर 30 नवंबर को मिजार्मुराद के खजुरी में आगमन को देखते हुए शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे। मिजार्मुराद में खजुरी पुलिस चौकी के सामने कृषि विज्ञान केंद्र के पास हाइवे किनारे खेत मे बने हैलीपैड पर 3 बजकर 25 मिनट पर मुख्यमंत्री का उड़न खटोला उतरा। सीएम के आने के बाद पुलिसकर्मियों द्वारा गारद की सलामी दी गई। राज्यमंत्री रविन्द्र जायसवाल ने मुख्यमंत्री को गुलदस्ता प्रदान कर स्वागत किया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देव दीपावली में शिरकत करने के लिए 30 नवंबर को बनारस आ रहे हैं। स्थानीय जिला व पुलिस प्रशासन तैयारी में जुटा है जिसे परखने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीएम के प्रस्तावित कार्यक्रम के लिहाज से तैयारियों का ग्रैंड रिहर्सल किया। गोरखपुर से हेलीकाप्टर पर सवार होकर सीधे मिजार्मुराद के खजुरी गांव पहुंचने के बाद उन्होंने टाइम मैनेजमेंट पर विशेष फोकस किया।

जनसभा की तैयारियों को परखा तो डोमरी से लेकर राजघाट पर आयोजित कार्यक्रम तक, श्रीकाशी विश्वनाथ दर्शन-पूजन से लेकर संत रविदास घाट पर पहुंचने तक की तैयारी का परीक्षण किया। व्यवस्थाएं दुरुस्त मिलीं तो ओके बोलने के साथ ही सुरक्षा, सुविधा व टाइम मैनेजमेंट को लक्ष्य बनाए रखने की हिदायत दी। मुख्यमंत्री ने कमिश्नर दीपक अग्रवाल व जिलाधिकारी कौशलराज शर्मा से कहा कि घाट से लेकर रास्तों तक पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ पड़ाव के सूजाबाद में बने हैलीपेड पहुंचे। वहां से सड़क मार्ग से लगभग चार सौ मीटर की दूरी गाड़ी से तय कर गंगा नदी के तट पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से समय से काम पूरा करने का निर्देश दिया। गंगा तट को और समतल बनाने की बात कही। मात्र लगभग नौ मिनट में ही हैलीपैड से गंगा नदी तक का निरीक्षण पूरा किये। तत्पश्चात गंगा नदी में लगी अलकनंदा क्रूज में सवार होकर आगे के लिए रवाना हो गए। हालांकि, सीएम के आगमन को देखते हुए भारी पुलिस फोर्स तैनात की गई थी। आम जन का आवागमन प्रतिबंधित रहा।

हैलीपैड पर उतरने के बाद मुख्यमंत्री ने 30 मीटर सर्किल के बने तीन हैलीपैड की ओर नजरे दौड़ाने के बाद पैदल ही 300 फीट चौड़ा व 433 फीट लंबा बन रहे जर्मन हैंगर पंडाल में पहुंचे। पंडाल में बन रहे प्रधानमंत्री के 60 फीट चौड़ा, 32 फीट लंबा व 8 फीट ऊंचा मंच पर पहुंच पंडाल का अवलोकन किए। प्रशासनिक अधिकारियों से अन्य जानकारी लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद 3:40 पर प्रस्थान कर गए।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ उड़नखटौला से पड़ाव के सूजाबाद में बने हैलीपेड पहुंचे। वहां से सड़क मार्ग से लगभग चार सौ मीटर की दूरी गाड़ी से तय कर गंगा नदी के तट पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से समय से काम पूरा करने का निर्देश दिया। गंगा तट को और समतल बनाने की बात कही।मात्र लगभग नौ मिनट में ही हैलीपैड से गंगा नदी तक का निरीक्षण पूरा किये।तत्पश्चात गंगा नदी में लगी अलकनंदा क्रूज में सवार हो आगे के लिए रवाना हो गए। हालांकि सीएम के आगमन को देखते हुए भारी पुलिस फोर्स तैनात की गई थी। आम जन का आवागमन प्रतिबंधित रहा। एक घंटा पहले ही पड़ाव चौराहा से किसी भी तरह के वाहनों को सूजाबाद की तरफ नहीं जाने दिया जा रहा था।

पीएम के आगमन की तैयारी को देखने सीएम विश्वनाथ कॉरिडोर पहुंचे। चल रहे निर्माण कार्यों को देखते हुए श्री काशी विश्वनाथ मंदिर भी पहुंचे। गर्भ गृह में सविधि दर्शन पूजन किए। इसके बाद अलखनंदा क्रूज से घाट के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण करने निकल गए।

### मुख्यमंत्री ने रविदास पार्क में सजावट और सीढ़ियों पर दीपक लगाने के दिए निर्देश

प्रधानमंत्री के काशी आगमन के पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तैयारियों का जायजा लिया। अलकनंदा क्रूज से मुख्यमंत्री रविदास घाट पहुंचे जहां मुख्यमंत्री के साथ पर्यटन मंत्री नीलकंठ तिवारी ने कमिश्नर को पार्क में सजावट और घाटों पर दीपक से प्रकाशित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के रविदास घाट आने से पूर्व जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा और एसएसपी सहित आलाधिकारियों ने रविदास घाट और पार्क का निरीक्षण किया। इस दौरान गेट पर जुटी भीड़ ,पार्क में काम कर रहे लोग और घाट किनारे लोगों के जमावड़े पर एसपीजी के अधिकारियों ने आपत्ति जताते हुए कहा कि भीड़ नही दिखनी चाहिए।एसपीजी ने घाट की खड़ी सीढ़ियों पर तीन मीटर चौड़ी पट्टी जिसपर मैटिंग लगाने के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री के साथ विधायक सुरेन्द्र नारायण सिंह और डाक?टर अवधेश सिंह, विद्या सागर राय सहित भाजपा नेता रहे। प्रधानमंत्री के आगमन के लिए रविदास पार्क स्थित स्मारक पर कर्मचारी साफ सफाई के साथ ही रंगरोगन में लगे हुए थे।

### सकरी गली से फ्लीट निकलने में होगी दिक्कत

रविदास पार्क से लेकर नगवां लंका के सकरे रास्ते से फ्लीट गुजरने में काफी दिक्कत होगी ।30 नवंबर को शादी समारोह और देव दीपावली के मेहमानों को भी काफी परेशानी उठानी पड़ेगी।हालांकि पीएम के आने से नगवां नाले के दिन भी अच्छे हो गए।साफ सफाई के बाद रेलिंग लगाकर सुंदर बनाया गया है।

### डीएम-एसएसपी समेत अन्य की रही मौजूदगी

मुख्यमंत्री के आगमन पर खजुरी में डीएम कौशलराज शर्मा, एसएसपी अमित पाठक, एसपी ग्रामीण एमपी सिंह, एसडीएम मणिकंदन ए, सीओ बड़ागांव नितेश प्रताप सिंह समेत भारी संख्या में पुलिसकर्मियों की मौजूदगी रही। मुख्यमंत्री के पहुंचने से पूर्व शुक्रवार की सुबह बम निरोधक दस्ता (बीडीडीएस) की टीम ने शुक्रवार को हैलीपैड, मंच व पंडाल की सुरक्षा परखी।टीम में 'ईगुना' नामक कुत?ता साथ रहा।

### योजनाओं का होगा लोकार्पण

प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, राज्यपाल व केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा 30 नवंबर को राजातालाब से हंडिया तक बने हाइवे के 72.64 किमी लंबे सिक्सलेन सड़क का लोकार्पण किया जाना है।इस सिक्सलेन हाइवे पर 3 फ्लाईओवर, 22 अंडरपास, 36 बस स्टैंड, 2 फुट ओवरब्रिज, 4 ट्रक वे, एक टोल प्लाजा समेत अन्य कार्य हुए है। इस कार्य मे 2447 करोड़ रुपए खर्च हुए है। सिक्सलेन का यह कार्य 5 दिसंबर 2017 से प्रारंभ हुआ था। नेशनल हाइवे 2 का सिक्सलेन लोकार्पण के बाद अब नेशनल हाइवे 19 के नाम से जाना जाएगा।हाइवे पर एनएच 19 के नए सांकेतिक बोर्ड लगा दिए गए है।

## केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति कोरोना वायरस से संक्रमित, हैलट अस्पताल में भर्ती



**कानपुर, जेएनएन।** केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री और फतेहपुर की सांसद साध्वी निरंजन ज्योति कोरोना संक्रमित हो गई हैं। ट्रू-नॉट परीक्षण में शुक्रवार देर रात पुष्टि होने के बाद उन्हें कोविड आइसीयू में शिफ्ट किया गया है। उन्हें दोनों फेफड़ों में निमोनिया भी है। उनके साथ आई सहायक और एक अन्य व्यक्ति की एंटीजन जांच रिपोर्ट नेगेटिव आई।

केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को सांस लेने में तकलीफ होने पर शुक्रवार देर रात एलएलआर हॉस्पिटल (हैलट) के मेडिसिन आइसीयू में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों के मुताबिक उनके दोनों फेफड़ों में संक्रमण की वजह से निमोनिया भी हो गया है। कोरोना वायरस संक्रमण की पुष्टि के लिए ट्रू-नॉट जांच के लिए सैंपल लिया गया, जो पॉजिटिव आया है।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की उप प्राचार्य प्रो. रिचा गिरि ने बताया कि साध्वी को सांस लेने में तकलीफ, सीने में दर्द और भारीपन की शिकायत पर लक्ष्मीपत सिंहानिया हृदय रोग संस्थान (कार्डियोलॉजी) में दिखाया गया था। वहां जांच में हृदय संबंधी कोई दिक्कत नहीं मिली। फेफड़ों में इंफेक्शन होने पर सीएमओ डॉ.अनिल मिश्र देर रात उन्हें लेकर हैलट इमरजेंसी पहुंचे। जहां कोरोना का संदेह जताते हुए एंटीजन कार्ड से जांच की गई, रिपोर्ट नेगेटिव आई। ट्रू-नॉट जांच के बाद देर रात आई रिपोर्ट में वह कोरोना संक्रमित निकलीं।

उप प्राचार्य प्रो. रिचा गिरि ने बताया कि साध्वी को तीन दिन पहले दिल्ली में बुखार भी आया था। दिल्ली में तीन दिन पहले वह दो लोगों के संपर्क में आईं थीं, जो बाद में कोरोना संक्रमित मिले। दिल्ली से यहां आने के बाद से उन्हें सांस लेने में दिक्कत शुरू हो गई थी, इसलिए उन्हें मेडिसिन आइसीयू में निगरानी में रखा गया था, लेकिन कोरोना संक्रमण की पुष्टि होने पर उन्हें न्यूरो साइंस सेंटर स्थित कोविड आइसीयू में शिफ्ट कर दिया गया है।

# नहीं माने किसान, कई जगह पुलिस से झड़पें, दिल्ली में बढ़ा तनाव

**एनसीआर को जोड़ने वाले रूटों पर मेट्रो नहीं चलीं दैनिक जरूरत की वस्तुओं की आपूर्ति पर भी असर पड़ा। राजनीति भी चरम पर पहुंच गई। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने खुलकर आंदोलनकारियों का समर्थन किया है।**



**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्रीय कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली का घेराव करने पर आमादा किसान किसी भी सूरत में मानने को तैयार नहीं हैं। पुलिस ने बुराड़ी स्थित निरंकारी मैदान में धरने के लिए जगह देने की पेशकश की थी, लेकिन किसानों ने उसे ठुकरा दिया। उनका कहना था कि उन्हें जंतर-मंतर ही जाकर धरना देना है। फिलहाल वे सिंघू बार्डर पर धरने पर बैठ गए और कहा कि जिसको बात करनी है वह यहीं आए। शुक्रवार को दूसरे दिन भी जगह-जगह जाम से लोगों को भारी मुश्किलें पेश आईं। कई लोगों की फ्लाइट छूट गई। एनसीआर को जोड़ने वाले रूटों पर मेट्रो नहीं चलीं, दैनिक जरूरत की वस्तुओं की आपूर्ति पर भी असर पड़ा। राजनीति भी चरम पर पहुंच गई। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने खुलकर आंदोलनकारियों का समर्थन किया है।

लगातार दूसरे दिन दिल्ली की हरियाणा और उत्तर प्रदेश से लगने वाली सभी सीमाओं पर जाम से लोग परेशान हुए। फरीदाबाद, गुरुग्राम और नोएडा से दिल्ली आने वाले यात्रियों को कई घंटे तक जाम से जूझना पड़ा। सबसे ज्यादा असर दिल्ली-गुरुग्राम के रजोकरी बॉर्डर और नोएडा-दिल्ली के कालिंदी कुंज बॉर्डर पर दिखाई दिया। वाहनों की जांच के चलते भीषण जाम लग गया। गाजियाबाद में पुलिस ने किसानों को यूपी गेट तक पहुंचने ही नहीं दिया, लेकिन मोदीनगर और हापुड़ में किसानों ने हाईवे को करीब तीन घंटे तक जाम रखा।

हरियाणा की तरफ से रहे किसान शुक्रवार सुबह सिंघु बॉर्डर पहुंचते ही उग्र हो गए। उन्होंने बैरिकेड तोड़कर दिल्ली की सीमा में घुसने का प्रयास किया। सुरक्षा बलों ने रोकने की कोशिश की तो उनसे भिड़ गए। आखिर पुलिस ने आंसू गैस के गोले दाग उन्हें खदेड़ दिया। इसके बाद दोपहर करीब एक बजे सबसे पहले सिंघु बॉर्डर से सोनीपत की ओर जाने वाले रास्ते पर लगाए बैरिकेड को किसानों ने तोड़ा। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की ओर से उन्हें रोकने के लिए वाटर कैनन व आंसू गैस के गोलों का इस्तेमाल किया गया। एक किसान ने सीमेंट के बैरिकेड पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। सुरक्षा बल के जवानों ने जब उसे रोकने का प्रयास किया तो किसानों ने उनपर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। करीब एक घंटे तक किसानों और पुलिस, सुरक्षा बल के जवानों के बीच झड़प चलती रही। इसके बाद सुरक्षा के दूसरे घेरे में लगे सीमेंट के बैरिकेड को किसानों ने पार कर लिया। जवाबी कार्रवाई में कुछ पुलिस कर्मियों ने भी किसानों पर पथराव किया। किसानों को रोकने में पुलिस को जबरदस्त बैरिकेडिंग की। उन पर ड्रोन ने नजर रखी गई।

जरूरत पड़ने पर हिरासत में लिए गए किसानों को रखने के लिए पुलिस ने दिल्ली सरकार से नौ स्टेडियमों को अस्थायी जेल के रूप में इस्तेमाल की अनुमति मांगी थी, लेकिन सरकार ने इन्कार कर दिया।

पंजाब के किसानों केपास महीनों का राशन है। गैस सिलेंडर है। वाहनों के पेट्रोल-डीजल के ड्रम हैं। यहां तक कि आटा चक्की भी है। दिल्ली में जमे रहने की उन्होंने महीन भर की तैयारी कर रखी है।

संसद मार्ग की ओर जाने वाले रास्तों को सुबह से बंद कर दिया गया था। टॉलस्टॉय मार्ग, बाराखंभा रोड पर भी पुलिस ने जगह-जगह बैरिकेच्डग कर रखी थी। सख्त सुरक्षा व्यवस्था के कारण कोई भी किसान जंतर-मंतर तक नहीं पहुंच पाया।

**आखिर खोल दिए सभी बार्डर**

सबसे ज्यादा मुश्किलें हरियाणा में आईं। पंजाब से एक दिन पहले दिल्ली के लिए रवाना हुए किसानों को रोकना मुश्किल साबित हुआ। हरियाणा पुलिस के बैरिकेड आदि तोड़ते हुए किसान आगे बढ़ते गए। शाम होते-होते राज्य सरकार के निर्देश पर सभी बार्डर खोल दिए गए और किसानों को जाने दिया जाने लगा। इसके बाद हरियाणा में यातायात सामान्य हो गया। किसान पानीपत से चलकर सोनीपत के कुंडली बार्डर और सिरसा से चलकर बहादुरगढ़ में टिकरी बार्डर पहुंचे और दिल्ली में प्रवेश कर गए। बहादुरगढ़ में किसानों और पुलिस के बीच टकराव भी हुआ। पुलिस ने किसानों को रोकने के लिए वाटर कैनन से पानी की बौछार की और आंसू गैस के गोले छोड़े। लेकिन इससे पहले सिरसा से हांसी, रोहतक, बहादुरगढ़ होकर दिल्ली जाने वाले रूट पर किसानों को रोकने की कोशिश नहीं की गई। हालांकि सिरसा के डबवाली में पंजाब के किसानों को हरियाणा में प्रवेश करने के लिए संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने बैरिकेड तोड़ दिए और हरियाणा में प्रवेश कर गए। सिरसा में वाहन पलट जाने से दबकर पंजाब के एक किसान कान्हा सिंह की मौत भी हो गई।

**मुरैना से ग्वालियर तक हाईवे जाम**

राजस्थान-उत्तर प्रदेश बॉर्डर पर आगरा के सैंया-मनिया में समाजसेविका मेधा पाटकर के साथ किसान हाईवे पर बैठ गए। इस कारण आगरा-दिल्ली की ओर जाने वाले वाहनों को मुरैना से ग्वालियर और ग्वालियर से सरायछौला चंबल पुल के बीच रोक दिया गया। मुरैना-बानमोर-ग्वालियर के बीच कई किलोमीटर लंबी वाहनों की कतार नजर आ रही है तो इधर सरायछौला से मुरैना और दूसरी ओर चंबल पुल की ओर तीन से चार किलोमीटर लंबी वाहनों की कतार लग गई।

किसानों के समर्थन में कांग्रेस खुलकर आ गई। पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने ट्वीट कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला किया। कहा कि दुनिया की कोई भी सरकार सच्चाई की लड़ाई से लड़ने वाले किसानों को नहीं रोक सकती है।

## पीएम मोदी ने निवार से हुए नुकसान का लिया जायजा, मृतकों के परिजनों को दो लाख रुपये की आर्थिक मदद का किया एलान

**नई दिल्ली, एजेंसियां।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के पलानीस्वामी से चक्रवात निवार से हुए नुकसान के बारे में जानकारी लेते हुए राज्य में ताजा हालात की समीक्षा की। प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु में चक्रवात से जान गंवाने वालों के आश्रितों के लिए मुआवजा की घोषणा की। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दी जाएगी। पीएमओ ने ट्वीट कर बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने तमिलाडु के मुख्यमंत्री के. पलानीस्वामी से बात की। बातचीत के दौरान उन्होंने राज्य में चक्रवात एवं भारी बारिश के कारण पैदा हुए हालात पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने मृतकों के प्रति शोक संवेदना और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। पीएमओ ने अपने बयान में कहा है कि तमिलनाडु में राहत एवं बचाव कार्य में मदद के लिए केंद्रीय दलों को भेजा जा रहा है। इस बीच भीषण निवार तूफान शुक्रवार सुबह कमजोर पड़कर आंध्र प्रदेश के दक्षिण तटीय क्षेत्र तथा इससे लगे मध्य बंगाल की खाड़ी में निम्न दाब के क्षेत्र में बदल गया। मौसम विभाग के अनुसार निवार से जुड़ा चक्रवाती प्रवाह समुद्र तल से 4.5 किलोमीटर ऊपर तक पहुंच गया है। यह अगले 12 घंटे में उत्तर की ओर बढ़ कर और कमजोर पड़ेगा। मौसम विभाग ने बंगाल की खाड़ी तथा दक्षिणी आंध्र प्रदेश के तटीय क्षेत्रों में अगले 12 घंटे तक मौसम खराब रहने और मछुआरों को समुद्र में नहीं जाने की चेतावनी दी है।

## वैक्सीन की तैयारियों का आज जायजा लेंगे पीएम मोदी, टीका तैयार कर रही तीन कंपनियों के प्लांटों का करेंगे दौरा

**नई दिल्ली, एजेंसियां।** कोरोना महामारी अपनी दूसरी लहर में दुनियाभर में तेजी से पांव पसार रही है। भारत के कई शहरों में भी इसकी रफ्तार बढ़ी है। वहीं, वायरस को रोकने के लिए भारत समेत दुनियाभर में वैक्सीन तैयार करने का काम भी युद्धस्तर पर चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को उन तीन संस्थानों का दौरा करेंगे, जहां कोरोना वैक्सीन तैयार की जा रही है। वह विज्ञानियों के साथ मिलकर वैक्सीन विकसित करने के रास्ते में आने वाली चुनौतियों की समीक्षा भी करेंगे।



प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की तरफ से शुक्रवार को ट्वीट किया गया, 'कल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन शहरों का दौरा करेंगे और व्यक्तिगत तौर पर वैक्सीन के विकास और उत्पादन प्रक्रिया की समीक्षा करेंगे। वह अहमदाबाद में जायडस बायोटेक पार्क, हैदराबाद में भारत बायोटेक और पुणे में सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया का दौरा करेंगे।'

पीएमओ ने आगे कहा कि भारत कोरोना के खिलाफ लड़ाई में निर्णायक चरण में पहुंच गया है। प्रधानमंत्री इन संस्थानों में जाकर वहां के विज्ञानियों से बात करेंगे और समझने की कोशिश करेंगे कि उनके सामने क्या दिक्कते आ रही हैं। वह वैक्सीन को देश के लोगों तक पहुंचाने में पेश आने वाली चुनौतियों को भी समझने की कोशिश करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री सुबह 9.30 बजे अहमदाबाद से करीब 20 किलोमीटर दूर चंगोदर औद्योगिक क्षेत्र में जायडस कैडिला के प्लांट में पहुंचेंगे। जायडस कैडिला ने अपनी वैक्सीन जायको वी-डी के पहले चरण का ट्रायल पूरा होने और अगस्त से दूसरे चरण का क्लीनिकल ट्रायल शुरू करने की घोषणा की थी।

अधिकारी ने बताया कि अहमदाबाद से प्रधानमंत्री सीधे पुणे जाएंगे और वहां सीरम इंस्टीट्यूट के प्लांट का दौरा करेंगे। सीरम इंस्टीट्यूट ब्रिटेन की एस्ट्राजेनेका और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी की तरफ से तैयार वैक्सीन का उत्पादन और परीक्षण कर रहा है। प्रधानमंत्री दोहपर करीब साढ़े बारह बजे पुणे पहुंचेंगे।

पुणे के बाद प्रधानमंत्री हैदराबाद जाएंगे। हकीमपेट एयर फोर्स स्टेशन से वह सीधे हैदराबाद से करीब 50 किलोमीटर दूर जीनोम वैली में भारत बायोटेक के प्लांट जाएंगे। भारत बायोटेक कोवैक्सीन के नाम से कोरोना वैक्सीन विकसित कर ही है। इसके तीसरे चरण का क्लीनिकल ट्रायल चल रहा है। हैदराबाद से प्रधानमंत्री शाम को दिल्ली लौट आएंगे।

## मुठभेड़ में मारा गया 8 लाख का इनामी नक्सली, 10 साल से तीन राज्यों की पुलिस के लिए बना था सिरदर्द

**जासं, संबलपुर।** करीब दस साल से ओडिशा, छत्तीसगढ़ व आंध्र प्रदेश पुलिस के लिए सिरदर्द बने नक्सली किशोर उर्फ मासा कबासी को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया है। उस पर आठ लाख रुपये का इनाम था। आइजी (ऑपरेशन) अमिताभ ठाकुर और मलकानगिरी एसपी ऋषिकेश खिलारी के अनुसार, ओडिशा के मलकानगिरी जिले के उत्तर स्वाभिमान अंचल के टोटागुडा जंगल में गुरुवार को वह मुठभेड़ में मारा गया। इस दौरान एक नक्सली लैकान उर्फ लक्ष्मण गलारी घायल भी हुआ है। उसे प्राथमिक चिकित्सा के बाद हिरासत में लिया गया है। सुरक्षा बलों ने मौके से हथियार आदि भी बरामद किया है। किशोर उर्फ मासा छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के चंद्रमेट्टा गांव का रहने वाला था। वह 2007 में भाकपा माओवादी में शामिल हुआ था। उस पर हत्या व हमले के दर्जनों मामले दर्ज थे। वर्तमान में वह आंध्र प्रदेश व ओडिशा बॉर्डर स्पेशल जोनल कमेटी के दस्ते का नेतृत्व कर रहा था। वहीं, लैकान उर्फ लक्ष्मण गलारी मलकानगिरी जिले के जोडांब थाना क्षेत्र का निवासी है। एक एके 47 फोल्डेड बट राइफल, एके 47 राइफल के तीन मैगजीन, 7.62 एमएम के 40 च्जदा कारतूस, एक इंसास राइफल बायोनेट, एक आइईडी बम, 11 इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, एक चाकू, दो पिट्ठू, दो मोटोरोला कम्युनिकेशन सेट, एक वाकी टाकी चार्जर, एक कैमरा फ्लैश, दो रिमोट, एक कलाई घड़ी, नक्सली साहित्य और दवा।

## आज बदलेगा इतिहास, मतदान के लिए कड़ी सुरक्षा के साथ कोरोना से बचाव के भी पुख्ता बंदोबस्त

**जम्मू-कश्मीर में शनिवार को डीडीसी चुनावों के पहले चरण की वोटिंग होगी। ऐसे में एलओसी पर पाकिस्तानी गोलाबारी और कश्मीर में आतंकी हमलों को ठेंगा दिखाते हुए लोग जब लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए वोट डालने निकलेंगे तो इतिहास बनेगा।**



**जम्मू, जेएनएन।** जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पाकिस्तानी गोलाबारी और कश्मीर में आतंकी हमले को ठेंगा दिखाते हुए लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए शनिवार को जब लोग वोट डालने घर से निकलेंगे तो इतिहास बनेगा। यह चुनावों में लोकतंत्र को मजबूत करने में स्थानीय लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। यह बताएंगे कि प्रदेश के लोग अमन और विकास के लिए केंद्र के हर फैसले के साथ हैं। ऐसे में इन चुनावों को पूरी तरह सफल बनाने के लिए आतंकवाद ही नहीं कोरोना संक्रमण के खतरे से निपटने की तैयारी भी कर ली है। शनिवार को प्रदेश के सभी 20 जिलों के दूरदराज के इलाकों में 43 सीटों के लिए मतदान होना है। ऐसे में शुक्रवार को पोलिंग स्टाफ के साथ सुरक्षाबलों ने प्रदेश में बनाए गए 2146 मतदान केंद्रों में डेरा डाल लिया। कई दूरदराज इलाकों में हेलीकॉप्टर से पोलिंग स्टाफ को पहुंचाया गया है। चुनाव को सुरक्षित बनाने के लिए पहले से मौजूद सुरक्षाबलों के साथ 165 अतिरिक्त कंपनियों को तैनात किया गया है। चुनाव की सुरक्षा को लेकर तीन स्तर पर बंदोबस्त किए गए हैं। सेना व सीमा सुरक्षाबल आतंकियों के मंसूबों को नाकाम बनाएंगे। दूसरे चक्र में सुरक्षाबल कस्बों व गांवों में कानून एवं व्यवस्था बनाएंगे। तीसरे चक्र में जम्मू-कश्मीर पुलिस व केंद्रीय रिर्जव पुलिस बल मतदान केंद्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे।

प्रदेश चुनाव आयुक्त ने बताया कि मतदान केंद्रों में कोविड-19 की रोकथाम को लेकर भी पूरे प्रबंध किए गए हैं। केंद्रों में सैनिटाइजर के साथ थर्मल स्कैनर भी उपलब्ध रहेंगे। अगर किसी मतदाता के पास मास्क नहीं होगा तो उसे वह भी उपलब्ध करवाने का बंदोबस्त किया गया है। राज्य चुनाव आयुक्त केके शर्मा ने बताया कि डीडीसी चुनाव के साथ पंचायत की खाली पड़ी 94 सीटों के लिए भी उपचुनाव होगा। सरपंच के लिए मैदान में आए 279 उम्मीदवारों में 203 पुरुष व 76 महिलाएं हैं। वहीं, पंचों की 368 सीटों के लिए मैदान में आए 852 उम्मीदवारों में 635 पुरुष व 217 महिलाएं हैं। उन्होंने बताया कि 36 सरपंच और 768 पंच निर्विरोध चुने गए हैं।

# ग्रामीण अंचल

प्रयागराज शनिवार, 28 नवम्बर, 2020

## संक्षेप समाचार

### गलत रीडिंग व बिल बढ़ोत्तरी को लेकर भड़के आप कार्यकर्ता

**करछना।** आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बिजली वृद्धि व बिजली के मीटरों में बेतहाशा वृद्धि को लेकर सरकार को जमकर कोसा। पार्टी के जिला उपाध्यक्ष नेहा सिंह ने कहा की पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने निर्णय लिया है की पार्टी के कार्यकर्ता घर.घर जा रहे हैं और जिसका बिजली बिल उपयोग से अधिक आ रहा है उनकी सूचना ली जा रही है। उन्होने कहा कि जब से स्मार्ट मीटर लगा है तब से 30 प्रतिशत ज्यादा बिल आ रहा है जो सरासर गलत है। बिजली विभाग में मीटर रीडरों द्वारा अनियमितता की जाती है।

### फर्जी मुकदमें में फंसाने की मिल रही धमकी, की शिकायत

**करछना।** थाना क्षेत्र के वीरपुर गांव में बीते 18 नवम्बर को रास्ते को लेकर दबंगों ने घर पर चढ़कर मारपीट किया था जिसमें भुक्तभोगी द्वारा करछना थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था। मारपीट में परिवार के कई लोगो को गंभीर चोटे आयीं थी। उक्त लोगो द्वारा फर्जी मुकदमें में फंसाने को लेकर तरह.तरह की धमकी दे रहे है। जिसको लेकर भुक्तभोगी ने करछना थाने में तहरीर दी है।

# अन्नदाताओं के समर्थन में उतरा किसान संगठन

## फूलपुर में किसान नेताओं ने केन्द्र सरकार पर निकाली अपनी भड़ास

**फूलपुर।** आंदोलित किसानो के समर्थन में शुक्रवार को फूलपुर तहसील में अखिल भारतीय किसान महासभा व भारतीय किसान मजदूर एकता मंच ने प्रदर्शन कर अन्नदाताओं के साथ हो रहे अन्याय पर अपना आक्रोश प्रकट किया। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए किसान सभा के संयोजक भूपेंद्र पांडे व किसान महासभा के जिला प्रभारी सुभाष पटेल ने संयुक्त रूप से कहा कि आज देश भर के किसान विजली बिल माफ करने, 2021 तक वसूली पर रोक लगाने समेत कम्पनीराज के खिलाफ लाखो की तादात में दिल्ली कूच कर रहे है। वहीं मोदी सरकार किसानों की समस्यायों को सुलझाने के बजाय अन्नदाताओं की आवाज को दबा रही है। किसान संगठन ने गिरफ्तार नेताओं को तत्काल रिहा करने की माँग करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार कागजों मे धान खरीद रही है जबकि ब्लाक,




फूलपुर तहसील में एकत्रित किसान नेता

तहसील व जिले मे कहीं भी क्रय केन्द्र नही खोला गया इससे खाद्य सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा हो गया है। क्रय केंद्र न खुलने से किसान एक हजार रूपया कुन्तल धान बेचने को मजबूर हैं । प्रदर्शन में रवि मिश्रा, डॉक्टर कमल, एडवोकेट वीरेंद्र प्रताप सिंह, अखिल विकल्प, सुनील मौर्य, डॉ ध्यान चंद्र पटेल,देवानंद , मुन्नीलाल, पृथ्वी पाल यादव ,गायत्री देवी, सुशीला देवी, शांति देवी, अनीता पटेल, सीताराम विद्रोही, मो. असरफ, त्रिलोकी पटेल, रमेश भारती , लाल प्रताप यादव, अभय राज यादव, पंकज पाल सहित अन्य किसान नेता मौजूद रहे।

## स्मार्ट मीटर से बढ़ रहा है बिजली बिल आप पार्टी करेगी घेराव : नेहा सिंह

**करछना।** आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बढ़ते बिजली बिल के खिलाफ अधिकारियों का घेंराव करेगी । एक वोल्ट के कनेक्शन धारकों के यहाँ दो किलो वाट का बिल दिया जा रहा है। गरीब व्यक्ति इधर उधर भटक रहा है। अन्य प्रदेशों की तुलना मे बिजली का निर्माण खूब होता है। पर हम गरीब जनता के हिस्से की बिजली उत्तर प्रदेश सरकार दूसरे प्रदेशों की फैक्ट्री को बेच देती है। जिला उपाध्यक्ष नेहा सिंह ने कहा कि कई सालों से करोड़ो रुपये बिजली बिल बकाया है और बिजली विभाग उसी पैसे को अपना घाटा दिखा कर आम जनता को गलत बिल देकर वसूली करती है।

बिजली विभाग के सभी कर्मचारी और अधिकारियों को मुफ्त मे बिजली मिलती है। उसका पैसा बिजली विभाग आम व गरीब जनता से वसूल करता है। स्मार्ट मीटर हर घर में यह कहकर लगाया जाता है कि सरकार के तरफ से मीटर मुफ्त है। जबकि हमारे बिल मे उसका पैसा भी जोड़कर लिया जाता है।

जिला उपाध्यक्ष नेहा सिंह ने बताया की स्मार्ट मीटर लगने से बिजली बिल चार गुना बढ़ गया है। बिन मीटर प्रति माह अपने से बिजली बिल बना देते हैं। किसान, गरीब , व्यापारी, मध्य वर्गीय परिवार फर्जी बिजली बिल से उब गई है। हर 50 कनेक्शन धारकों में दस लोगों का बिजली बिल कीं समस्या से जूझ रहा है ।जिसको लेकर आम आदमी पार्टी बिजली बिल में धांधली का आरोप लगाते हुए विभागीय अधिकारियों के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

## पहले दी क्लीन चिट फिर लिया हिरासत में

**हनुमानगंज।** सराय इनायत थाना क्षेत्र के अंतर्गत कई जुआं के अड्डों पर तीन दिन पूर्व जिले से आयी एसओजी टीम ने छापेमारी कर दो लोगों को गिरफ्तार कर थाने की पुलिस को सौंप दिया किन्तु थाने की पुलिस ने दोनों को क्लीन चिट दे दी,जब उच्चाधिकारियों का दबाव पडा. तब जाकर पुलिस ने दोनों से मुचलका भरवा कर कोरम पूरा किया सरायइनायत थाना क्षेत्र के कोटवा गाँव में जिले की एसओजी टीम ने दो दिन पूर्व अवैध जुआं के अड्डों पर छापा मारा जिसमें दो जुआरियों को एसओजी ने मौके से दबोच लिया। उनके पास से एक बाइक साइकिल व मोबाइल भी बरामद किया। एसओजी टीम ने दोनों को थाने की पुलिस को अग्रिम कार्यवाही हेतु सौप दिया थाने की पुलिस ने शाम को ही दोनों आरोपियों को सुविधा शुल्क के सहारे छोड़ दिया किंतु एक जुआरी का मोबाइल रख लिया गया जब उच्च अधिकारियों का दबाव पडा. तो दोनों जुआरियों को फोन करके बुलाकर मुचलके की कार्यवाही कराते हुये कोरम पूरा किया इस प्रकार थाने की पुलिस अवैध जुआं और शराब व्यवसायियों तथा बालू और मिट्टी खनन माफियाओं के इशारे पर कार्य कर रही है।

## केन्द्र सरकार की दमनकारी नीति के चलते हो रहा अन्नदाताओं का शोषण : अशफाक अहमद

**फूलपुर।** किसानों के साथ केन्द्र सरकार की संवेदनहीनता पर कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं में गहरा आक्रोश ब्याप्त है। फूलपुर विकास खण्ड के पतुलकी गांव में शुक्रवार को कांग्रेसियों ने पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अशफाक अहमद के नेतृत्व में एक बैठक कर केन्द्र सरकार की दमनकारी नीतियों का विरोध किया। केन्द्र सरकार पर किसानों के अधिकारों का हनन करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष अशफाक अहमद ने कहा कि अपने अधिकारों के लिए दिल्ली जा रहे किसानों को रोकने के लिए सरकार ने जिस तरह से उन पर पानी की बौछार और आंसू गैस का इस्तेमाल किया यह उनकी संवेदनहीनता को प्रर्दशित करता है। किसान की सबसे बड़ी समस्या न्यूनतम समर्थन मूल्य को लेकर है। परंतु सरकार समस्यायों पर ध्यान न देकर उल्टा अन्नदाताओं का शोषण कर रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में एक तरफ किसानों की समस्याएं बढ़ रही है तो दूसरी तरफ सरकार पूंजीपतियों को बढ़ावा दे रही है। कार्यक्रम का कुशल संचालन करते हुए एडवोकेट देवराज उपाध्याय ने कहा कि अन्नदाताओं का शोषण कांग्रेस कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। इस अवसर पर डॉक्टर जगत नारायण सिंह, कृष्णा राजबिंद, भाई लाल, कमलेश कुमार, सलीम टाइगर, शमशेर बहादुर पटेल, गिरधारी लाल सरोज, भीम मिश्रा, शिव प्रसाद, अमरीश पांडे, भोलानाथ तिवारी, अशोक यादव, तहजीब हसन, शाकिब, बबलू, अनवर अली सहित अन्य कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।

## कोरोना का असर दोपहर में ही पड़ गए फेरे

**प्रयागराज।** कोरोना संक्रमण के इस काल में रात भर चलने वाली शादियां अब दिन में हो रही हैं। बिना किसी शोर शराबे के दिन में फेरे और शाम से रात 10 बजे तक रिसेप्शन। इसके बाद लोग अपने घर। ऐसा ही एक मामला सामने आया श्रीकटरा रामलीला कमेटी में गुरुवार को। जब मुट्ठीगंज के एक परिवार ने दोपहर में ही फेरे लिए। प्रशासन ने अब तक केवल रात 10 बजे तक ही शादी कराने की अनुमति जारी की है। इसके कारण लोग परेशान हो गए हैं। शादी समारोह के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न फैले, इसके लिए लोग खुद ही जागरूक हो गए हैं। श्रीकटरा रामलीला कमेटी के महामंत्री गोपाल बाबू जायसवाल ने बताया कि एक शादी दोपहर में ही हो गई। परिवार के 40-50 लोग वाहन में बैठकर आए। शादी की सभी रस्में हुईं और लोग शाम चार बजे तक अपने-अपने घर की ओर चले गए। शाम को एक बार फिर लोग रिसेप्शन के लिए आएंगे।

# बारात आने से पूर्व युवती प्रेमी संग फरार मचा हड़कंप, बारात रास्ते से वापस


**मऊआइमा।** बारात आने के कुछ घंटे पूर्व युवती अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। जिससे लडकी पक्ष वालों के पैरों तले जमीन खिसक गई। वर पक्ष को खबर होने पर वह बीच रास्ते से बिन दुल्हन के बैरंग लौट गए।




मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव में गुरूवार को रात में प्रतापगढ़ क्षेत्र से बारात आनी थी। बताया गया है कि बारात मऊआइमा क्षेत्र के लिए निकल पडी थी । वह रास्ते में रूक कर कहीं जलपान कर रहे थे। बताया गया है कि जिस युवती की बारात आनी थी। वह शौच का बहाना कर-के घर के पीछे बने शौचालय में गयी । फिर घंटों इंतजार के बाद वह शौचालय से नहीं निकली तो परिजन शौचालय का दरवाजा खोले तो उसमें युवती नदारत थी । बहुत तलाशने के बाद भी युवती का कुछ पता नहीं चला । अलबत्ता गांव के कुछ युवकों ने बताया कि दूसरे गांव का एक युवक जिससे युवती का प्रेम प्रपंच काफी दिनों से चल रहा था बाइक लेकर घर के पीछे चकरोड पर खडा था । जरूर उसके साथ युवती गयी होगी। परिजनों ने घर में सामानों को देखा तो युवती का कपडे वाली अटैची गायब थी । अलबत्ता जेवर वगैरह गायब नहीं था। युवती के परिजन सीधे युवक के घर पहुंच कर सारी बात बतायी तो युवक के परिजनों ने भी युवक की तलाश करने लगे तो वह भी गायब था। उधर घर में मेहमान भरे थे और भोजन तैयार हो रहा था। घंटों तलाशने के बाद भी जब युवती का कुछ पता नहीं चला और परिजनों को पूरा शक हो गया कि उसकी बेटी भाग गयी। तो उधर बारात लेकर आ रहे वर के पिता को सारी बात मोबाइल से युवती के परिजनों ने बताया तथा यह आश्वासन दिए कि वह आप का पूरा नुक्शान का खर्च देंगें । जिसपर वर पक्ष बीच रास्ते से बारात लेकर लौट गए। उक्त घटना से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। युवती के परिजनों ने इसकी शिकायत थाने में नहीं किए । उनका कहना था कि उसकी बेटी ने पूरे परिवार की बेइज्जती करायी है अब वह उसे जिन्दगीभर कबूल नहीं करेंगें।

# उतरांव में दो समुदाय में जमकर मारपीट, वृद्ध गम्भीर

**उत्तरांव।** उतराव गांव में शुक्रवार सुबह दो समुदाय में जमकर मारपीट हो गई। जिसमें दोनों पक्ष से गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को वृद्ध को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैदाबाद भेज दिया।उतरांव गांव निवासी सुकरू भारतीय व नौ बाजार निवासी रफीक शुक्रवार सुबह दोनों में कुछ कहासुनी हुई। जिसमें दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। वही मारपीट में एक पक्ष से सुकरू भारतीय का पैर फ्रैक्चर हो गया तथा शरीर में कई अन्य जगहों पर गम्भीर चोटे आई।दूसरे पक्ष से भी चोटे आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल बृद्ध सुकरू भारतीय को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैदाबाद के लिए भिजवा दिया। जहां हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टर



घायल वृद्ध को इलाज के लिए ले जाते हुए

ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वही पुलिस ने दूसरे पक्ष से कई लोगों को हिरासत में लेकर मामले की पूछताछ में जुटी हुई है। मारपीट में घायल बृद्ध के बेटे मोहन की तहरीर पर उत्तराव पुलिस ने मारपीट समेत कई संगीन धाराओं में पांच के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच में जुटी हुई है। इस संबंध में कार्यवाहक थाना अध्यक्ष से बात हुई तो उन्होंने बताया कि पांच के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच में पुलिस कर रही है।

# मालगाड़ी आता देख युवक ने ट्रैक पर ही छोड़ी बाईक

### तेज रफ्तार मालगाड़ी की टक्कर से उड़े बाइक के परखच्चे

**फूलपुर।** आरओबी के नीचे मोटरसाइकिल से बंद रेलवे क्रासिंग को पार करना एक युवक को महंगा पड़ गया। तेज गति से आती मालगाड़ी को देखकर युवक घबरा गया और अपनी जान बचाने के लिए ट्रैक पर ही बाइक छोड़कर भाग गया। एक तरफ जहां उसकी जान बच गई वहीं दूसरी तरफ बाइक के परखच्चे उड़ गए। फूलपुर रेलवे स्टेशन के पश्चिमी फाटक पर आरओबी के बन जाने से उक्त फाटक को रेलवे विभाग ने स्थाई रूप से बंद कर रखा है। परन्तु ग्रामीण चक्कर लगाने से बचने के लिए बंद क्रासिंग से ही होकर आवागमन करते हैं। शुक्रवार की सुबह एक युवक बाइक से उक्त क्रासिंग को पार कर रहा था तभी तेज रफ़्तार से मालगाड़ी पास आ गई। घबराए युवक ने बाइक छोड़कर ट्रैक से दूर हट गया जिससे एक गंभीर हादसा होने से बच गया। वहीं बाइक बुरी तरह छतिग्रस्त हो गई।




मालगाड़ी की टक्कर से छतिग्रस्त पड़ी मोटरसाइकिल व जमा भीड़

## बकरी चराने गए अधेड़ की सन्दिग्ध परिस्थितियों में मौत

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के प्यागीपुर गांव में बकरी चराने के लिए गए एक अधेड़ व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।मौत से घर में कोहराम मच गया। प्यागीपुर गांव निवासी बसंत लाल भारतीय उम्र 50 वर्ष पुत्र रामनाथ कुछ बकरियों को पाल कर वह भरण जिसके द्वारा अपने परिवार का भरण पोषण करता था। गुरुवार शाम को बकरी चराने के लिए गया था अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई जिसमें अधेड़ घर पहुंचते लेट गया। उसकी सांसे थम गई वही जब तक कि परिजन इलाज के लिए ले जाते तब तक उसकी मौत हो गई थी। मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।मृतक बसन्त लाल के तीन बेटे संजय दारा सिंह केदार समेत उनकी पत्नी इंद्रावती का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

## अधिवक्ताओं से सम्पर्क कर सपा प्रत्याशी को जिताने का किया अनुरोध

**प्रयागराज।** स्नातक निर्वाचन छेत्र के चुनाव मे सपा प्रत्याशी डाक्टर मान सिंह यादव को चुनाव जिताने हेतु सपा नेता पूर्व प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह ने शुक्रवार को मेजा तहसील मुख्यालय पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जटा शंकर शुक्ल सहित कई अधिवक्ताओं से सम्पर्क कर सपा प्रत्याशी के पक्ष मे मतदान करने के लिए अनुरोध किया। इस दौरान उन्होने कहा कि जनविरोधी भाजपा सरकार के कारनामे से हर कोई दुखी है। किसानों और जवानों पर लाठीचार्ज किया जा रहा है। अधिवक्ता भाइयों के लिए कोई ठोस पहल भाजपा सरकार ने नही किया अलबत्ता रोजगार के सारे रास्ते बंद कर दिए हैं। जिसके कारण देश प्रदेश का नौजवान सड़क पर घूम रहा है। भाजपा सरकार से हर वर्ग खासकर किसान व नवजवान हताश और निराश हैं। लोग आशा भरी निगाह से केवल अखिलेश यादव की ओर निहार रहे हैं। इसीलिए सपा प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित है। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जटा शंकर शुक्ल ने सपा उम्मीदवार को जिताने की अपील किया। सपा नेता के साथ जटाशंकर शुक्ल अध्यक्ष अधिवक्ता संघ के अलावा, बैजनाथ यादव एडवोकेट, मुनेश्वर शुक्ल एडवोकेट, अनिल कुमार यादव एडवोकेट, अनिल कुमार सिंह एडवोकेट, कमलेश यादव एडवोकेट, चन्द्रमा शुक्ला एडवोकेट, मनोज कुमार शर्मा एडवोकेट, सन्तोष यादव एडवोकेट, नरेन्द्र नाथ मिश्रा, सुनील यादव एडवोकेट, पवन शुक्ल एडवोकेट, भोला पाल आदि रहे।

# लोकनृत्य,गायन और रंगोलियों ने समापन समारोह में विखेरा जलवा

**करछना।** अपने समाज के मानसिक और सांस्कृतिक विकास को लेकर जागृति मिशन ने जमुनापार महोत्सव के रूप में जो दीप जलाया है इसे दूर तक आलोकित करेगा। अपने संतो, कलाकारों, साहित्यकारों युवा प्रतिभाओं को एक ही मंच पर संजोने और उन्हे निखारने का यह सार्थक प्रयास पूरे राष्ट्र में इस महोत्सव के माध्यम से अपनी अलग पहचान बना रहा है।इसके लिए जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है।क्षेत्र के रामपुर स्थित बृजमंगल सिंह इंटर कालेज में आयोजित पांच दिवसीय 23वें जमुनापार महोत्सव के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व राज्यपाल पं केशरीनाथ त्रिपाठी ने यह बातें कही। इसके पूर्व सच्चा






जमुनापार महोत्सव के समापन पर बोलते हुए पं केशरी नाथ त्रिपाठी व उपस्थित लोग

आश्रम अरैल के मंहत गोपाल दास जी महाराज, दिव्यानंद जी महाराज ने महोत्सव को आशीष दिया।साथ ही बटुको द्धारा वेद मंत्रोच्चार के साथ स्वस्तिवाचन किया गया। विद्यालय की छात्राओं ने लोक नृत्य और कजरी गीत प्रस्तुत करते हुए खूब तालिया बटोरी। चंचल द्विवेदी, ड़ाली मिश्रा, शिवानी पाल, काजल, आचंल और शबा बानो द्धारा प्रस्तुत कार्यक्रमों ने खूब समां बांधी। बृजेश तिवारी,सूर्य प्रताप, रामभोर मिश्र और बचऊलाल ने पारंपरिक गीत प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी।महेश मिश्र के वांसुरी वादन पर भी श्रोता मंत्रमुग्ध हो उठे। मंच पर विविधा को लेकरंग देखा गया जहां कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले सभी लोगों को जागृति मिशन की ओर से अंगवस्त्रम और प्रयाग दर्शन देकर सम्मानित किया गया। सभागार में छात्राओं ने अद्भुत रंगोलियां सजाई जिसका प्रधानाचार्य मदन मोहन शंखधर सहित शिक्षकों ने अवलोकन करते हुए प्रशंसा की।

# प्रयागराज हलचल



## मनबढ़ पिता ने बेटे को तमंचे से मारी गोली, बेटे की हालत नाजुक, आरोपित तमंचा समेत गिरफ्तार

### ग्रामीणों ने आरोपित पिता को तमंचे के साथ पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।



**प्रयागराज।** जिले के सराय ममरेज थानाक्षेत्र में शुक्रवार को एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। मामूली विवाद से गुस्साए पिता ने अपने ही बेटे पर तमंचे से फायरिंग की। एक गोली युवक के बगल से निकल गई। जबकि दूसरी गोली युवक के सीने में बांयी तरफ कंधे के पास लगी और लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग भागकर पहुंचे। ग्रामीणों ने आरोपित पिता को तमंचे के साथ पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। जबकि जख्मी युवक को सीएचसी से ले गए। जहां से डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक को हालत नाजुक देखकर एसआरएन के लिए रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। सरायममरेज के हरिपुर उर्फ मिश्रपुर गांव का रहने वाला राम चंद्र तिवारी उर्फ तेजई चौराहे पर चाय-पान की दुकान चलाता है। उसके तीन बेटे गणेश तिवारी, जय शंकर तिवारी और श्रीप्रकाश तिवारी हैं। तीनों बेटे बाहर रहकर प्राइवेट नौकरी करते हैं। इन दिनों मां की तबीयत खराब होने पर तीनों बेटे घर पर ही है। बताया जाता है कि शुक्रवार दोपहर राम चंद्र अपने छोटे बेटे श्री प्रकाश से बात कर रहा था। किसी बात को लेकर उनके बीच विवाद होने लगी तो रामचंद्र ने तमंचा निकाल लिया और फायरिंग शुरू कर दी।

पिता के हाथ तमंचा देखकर श्री प्रकाश सहम गया। तभी अचानक रामचंद्र ने फायर झोंक दिया। इस पर श्रीप्रकाश बैठ गया तो गोली उपर से निकल गई। तभी रामचंद्र ने दूसरा फायर कर दिया जो श्रीप्रकाश के सीने में बांयी तरफ कंधे के पास लगी और लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। फायरिंग के बाद अफरातफरी मच गई। आसपास के लोग भागकर पहुंचे श्रीप्रकाश खून से लथपथ पड़ा था। ग्रामीणों ने रामचंद्र को तमंचे के साथ पकड़ लिया। सूचना पर पुलिस पहुंची। पुलिस आरोपित को पकड़कर थाने ले गई। इंस्पेक्टर भरत सिंह ने बताया कि आरोपित को पकड़ा गया है। तहरीर के आधार मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने बताया कि रामचंद्र मनबढ़ किस्म का है। वह आए दिन लोगों से विवाद करता रहता है।

## प्रयागराज में सड़क पर उतरे 'यमराज'

### बिना हेलमेट वालों का कटा चालान



पुलिस के साथ प्रतीकात्मक रूप से यमराज

**प्रयागराज।** यातायात माह के तहत ट्रैफिक पुलिस ने शुक्रवार को लोगों को जागरूक करने के लिए अनोखा तरीका अपनाया। एसपी ट्रैफिक और सीओ ट्रैफिक ने अपनी टीम के साथ प्रतीकात्मक रूप से यमराज और उनके दूतों को साथ लिया। सुभाष चौराहे पर सभी के साथ वाहनों की चेकिंग शुरू की। यमराज और उनके दूतों ने दौड़-दौड़कर बिना हेलमेट लगाए लोगों को पकड़ा। उनका चालान कटवाया। साथ ही यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया।

हेलमेट लगाना कितना जरूरी है, इसे बारीकी से समझाया गया। कहा कि अगर कुछ हो जाएगा तो उनके परिवार का क्या होगा। इसके अलावा जो महिलाएं बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन लेकर निकली थीं, उनको भी रोककर उनका चालान काटा गया। उन्हें निश्शुल्क हेलमेट भी वितरित हुआ। यातायात विभाग के अधिकारियों का कहना है कि लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतीकात्मक रूप से यमराज और उनके दूतों को टीम में शामिल किया गया था।

शहर के सभी चौराहों पर यातायात और पुलिस विभाग ने लाउडस्पीकर लगवा रखा है। यहां कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। फिजिकल डिस्टेंङ्क्षसग, मास्क लगाने के प्रति जागरूक करने के साथ ही बार-बार हाथों को धोने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। बिना मास्क लगाए घरों से निकलने वालों पर शिकंजा कसा जा रहा है। पुलिस तो जगह-जगह चेकिंग कर ही रही है। इसके अलावा अब ड्रोन से भी नजर रखी जा रही है। शुक्रवार को कर्नलगंज, सिविल लाइंस और चौक में ड्रोन से बिना मास्क वालों को चिह्नित किया गया। इस दौरान करीब 90 लोगों का चालान काटा गया। इसके अलावा अन्य जगहों पर 1250 लोगों का चालान काटा गया।

## जिला अस्पताल के चोरी गए कंप्यूटर में दो गिरफ्तार

**प्रयागराज।** कौशाम्बी जनपद मुख्यालय मंझनपुर स्थित संयुक्त जिला चिकित्सालय से बड़ी संख्या में कंप्यूटर चोरी हो गए और इस मामले की भनक किसी को नहीं लगी कंप्यूटर चोरी के मामले में कस्बे के एक दुकानदार महेश कुमार और जिला अस्पताल के एम्बुलेंस चालक राजू पुत्र प्रेम सिंह लोधी को मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से 5 कंप्यूटर सेट बरामद हुआ है । जिला अस्पताल से चोरी के कंप्यूटर में किसी साजिश की बड़ी बू आ रही है अस्पताल परिसर से चोरी गए कंप्यूटर की दो बार तहरीर बदले जा चुके हैं अस्पताल के मुख्य गेट पर ताला बंद रहता है और अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के मुताबिक उसकी चाबी वार्ड ब्वॉय के पास रहती है लेकिन मुख्य गेट का ताला नहीं टूटा और कंप्यूटर चोरी के मामले में वार्ड ब्याय को दोषी भी नहीं माना गया है तो फिर जिला अस्पताल से कंप्यूटर कैसे चोरी हो गए ।

## महाप्रबंधक ने पूर्वी समर्पित माल भाड़ा गलियारेसंबंधी कार्यों की प्रगति की समीक्षा की

### कानपुर में मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पार्क और टूंडला, मक्खनपुर और दाउद खॉ में नए माल टर्मिनल



कार्यों के प्रगति की समीक्षा करते उमरे महाप्रबंधक

**प्रयागराज।** शुक्रवार को, महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे राजीव चौधरी ने प्रबंध निदेशक और डीएफसीसीआईएल के अन्य अधिकारियों, अपर महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे रंजन यादव, उत्तर मध्य रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्षों, मंडल रेल प्रबंधक, प्रयागराज मंडल के और अन्य अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर मध्य रेलवे क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पूर्वी समर्पित माल गलियारे संबंधी कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। ।

प्रमुख मुख्य इंजीनियर उत्तर मध्य रेलवे में शरद मेहता ने इस समीक्षा बैठक में महाप्रबंधक राजीव चौधरी और अन्य अधिकारियों का स्वागत किया, जिसके बाद प्रबंध निदेशक डीएफसीसीआईएल आर एन सिंह ने संबोधित किया। इस समन्वय बैठक में उत्तर मध्य रेलवे क्षेत्र में पड़ने वाले पूर्वी समर्पित फ्रेट कॉरिडोर के निर्माण कार्यों के संबंध में विभिन्न मदों पर चर्चा कर अंतिम रूप दिया गया। बैठक में डीएफसीसीआईएल और उत्तर मध्य रेलवे द्वारा संयुक्त प्रयासों से किए जाने वाले महत्वपूर्ण कार्यों जैसे आरओबी, आरयूबी, ओएचई और सिग्नलिंग से संबंधित प्रगति पर चर्चा की गई।

कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए, महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने कहा कि अनुमोदन प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए एफओबी, आरओबी, आरयूबी जैसे महत्वपूर्ण संरक्षा परिसंपत्तियों की डिजाइन, ड्राइंग आदि उत्तर मध्य रेलवे में प्रस्तुत करने से पहले डीएफसीसीआईएल द्वारा का उचित मूल्यांकन, किया जाना चाहिए।

उन्होंने प्रबंध निदेशक डीएफसीसीआईएल को रेलवे और डीएफसी पटरियों के बीच ड्रेन के निर्माण में तेजी लाने, पुलों के प्रोटेक्शन कार्यों, आरयूबी एप्रोच के कार्यों को तेजी से पूरा करने को कहा। प्रबंध निदेशक डीएफसीसीआईएल ने डीएफसी कार्यों में प्रदान किए जा रहे सहयोग के लिए महाप्रबंधक को धन्यवाद दिया और आश्वासन दिया कि समन्वित प्रयासों के साथ ईडीएफसी खुर्जा-कानपुर खंड चालू वित्त वर्ष के भीतर प्रारंभ हो जाएगा। ज्ञात हो कि पूर्वी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का भाऊपुर-खुर्जा खंड पहले से ही परिचालन में है और लगभग 1400 मालगाड़ियों को इस डीएफसी नेटवर्क का उपयोग करके चलाया गया है।

इसके बाद अध्यक्ष रेलवे बोर्ड और सीईओ वी के यादव ने बोर्ड के अन्य सदस्यों और डीएफसीसीआईएल तथा संबंधित क्षेत्रीय रेलों के साथ डीएफसी नेटवर्क को जोड़ने वाले रेलवे के फीडर मार्गों और डीएफसीसीआईएल के बिजनेस डेवलपमेंट योजना के संबंध में चर्चा करने के लिए एक समीक्षा बैठक की। इस समीक्षा बैठक के दौरान 25 टन एक्सल लोड के संचालन के लिए पूर्वी डीएफसी पर फीडर मार्गों को उपयुक्त बनाने के लिए आवश्यक कार्यों तथा डबल स्टैक कंटेनर के संचालन के लिए पश्चिमी डीएफसी फीडर मार्ग की फिटनेस पर चर्चा की गई और अंतिम रूप दिया गया ताकि डीएफसी नेटवर्क की पूरी क्षमता का उपयोग किया जा सके। इस समीक्षा के दौरान, डीएफसीसीआईएल ने रेल के माध्यम से समग्र माल परिवहन को बढ़ाने के लिए बिजनेस डेवलपमेंट योजना प्रस्तुत की। डीएफसीसीआईएल द्वारा प्रस्तुत समग्र योजना के तहत कानपुर में नए मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पार्क सहित टूंडला, मक्खनपुर और दाउद खॉ मे नए माल टर्मिनल का निर्माण और क्रियांवित किया जाएगा। इन आधुनिक और सुविधाजनक माल ढुलाई व्यवस्थाओं से न केवल माल परिवहन क्षेत्र में रेल की हिस्सेदारी बढ़ेगी, बल्कि इन क्षेत्रों के समग्र विकास और रोजगार सृजन में भी मदद मिलेगी।

## कोविड -19 के संक्रमण से बचाव हेतु वेबेक्स द्वारा एक वेबीनार का आयोजन




वेबिनार से जुड़े अधिकारी व कर्मचारी

**प्रयागराज।** शुक्रवार को अपरान्ह 04:00 बजे मंडल रेल प्रबंधक मोहित चंद्रा प्रयागराज मंडल उत्तर मध्य रेलवे के मार्गदर्शन में कोविड -19 के संक्रमण से बचाव हेतु वेबेक्स द्वारा एक वेबीनार का आयोजन किया गया। इसमें केन्द्रीय चिकित्सालय प्रयागराज के वरिष्ठ मंडल चिकित्साधिकारी डॉक्टर परवेज अहमद महोदय ने कोविड -19 के संक्रमण के विविध आयामों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि मास्क लगाना, हाथों को निरंतर अंतराल पर साफ करते रहना एवं दो मीटर की दूरी का कड़ाई से अनुपालन करना इस महामारी से बचने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं । यदि किसी व्यक्ति को बुखार, खांसी, पेट दर्द तथा डायरिया की शिकायत होती है तो उसे तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए । घर व कार्यालयों मे साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए । सभी को घरों पर आक्सीमीटर, थरमामीटर का प्रयोग करते रहने की सलाह देते हुये जागरूक रहने पर मार्गदर्शन दिया। मंडल रेल प्रबंधक महोदय ने भी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कोविड -19 के संक्रमण से बचाव हेतु निर्धारित सावधानियों का अनुपालन करते हुए कार्य करने की अपील की एवं अति आत्मविश्वास से बचते हुये लगातार सतर्क बने रहते हुये सभी प्रोटोकाल अपनाने पर जोर दिया। अंत में , वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राजेश कुमार शर्मा ने उक्त जागरुकता को मण्डल अंतर्गत बनाये रखने व सभी स्टाफ को सतर्क रहने की अपील करते हुये सदस्यों का धन्यवाद किया ।

इसमें अपर मंडल रेल प्रबंधक/सामान्य अनुराग अग्रवाल, अपर मंडल रेल प्रबंधक/परिचालन अमित मिश्रा, अपर मंडल रेल प्रबंधक/इंफ्रा एनमुल हक, एवं अन्य शाखाधिकारीगण तथा पर्यवेक्षकों शामिल हुए ।

## प्रयागराज मंडल में माह नवम्बर 2020 में 32 कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज मंडल से शुक्रवार को 32 रेल सेवक सेवानिवृत्त हुए। 02 लोको पायलटों को सुरक्षित ट्रेन संचालन हेतु एक्सीडेंट फ्री अवार्ड से भी सम्मानित किया गया। कोविड 19 के संक्रमण की इस संकट की स्थिति में भी प्रयागराज मंडल के कार्मिक विभाग द्वारा लेखा विभाग के सहयोग से 32 कर्मचारियों का समापन भुगतान तत्परता एवं समय पर सुनिश्चित किया गया, जिसके अंतर्गत कुल लगभग 9 करोड़ 70 लाख रूपए का समापन भुगतान नियमानुसार डिजिटल माध्यम से किया गया।

वर्तमान परिस्थिति में रेलवे बोर्ड एवं भारत सरकार के निर्देशानुसार समस्त सावधानियों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए। समापन भुगतान संबंधित समस्त प्रपत्र एक फोल्डर में कार्मिक विभाग के कल्याण निरीक्षकों के द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को उनके कार्यस्थल पर ही सम्मान सहित सौंपा गया। वर्तमान कोरोना काल में सही समय पर बिना किसी त्रुटि या विलंब के इन सेवानिवृत्त कर्मचारियों का भुगतान सेटलमेंट सुनिश्चित करना किसी चुनौती से कम नहीं था। मंडल रेल प्रबंधक, प्रयागराज मोहित चंद्रा के कुशल संरक्षण में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, प्रयागराज राजेश शर्मा, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक, प्रयागराज रवि पटेल एवं उनकी टीम ने अथक परिश्रम करते हुए इस कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया।

रिटायरमेंट कार्यक्रम विडियो कानफेंसिंग के माध्यम से पूरे भारतीय रेलवे पर आयोजित किया गया। इसमें माननीय रेल मंत्री श्री पीयूष गोयल जी ने भारतीय रेलवे से सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को रेलवे बोर्ड से विदाई दी और उनके योगदान की प्रशंसा की। वर्चुअल मोड से रेलवे बोर्ड स्तर पर संपन्न हुए इस विदाई समारोह में यू ट्यूब लिंक के माध्यम से मंडल कार्यालय के रिटायर होने वाले कर्मचारी भी जुड़े।

## मतदाताओं से मिलकर बतानी होगी निर्विवादित छवि : अजय कुमार

**शंकरगढ़।** कार्यकर्ताओं को भाषण के अलावा मतदाताओं से सीधे संपर्क कर भाजपा के प्रत्याशी डा. यज्ञदत्त शर्मा के पिछले चार बार के कार्यकाल के बारे में जानकारी देकर, उनके स्वच्छ निर्विवाद छवि को बताना होगा। जिससे स्नातक जैसे प्रथम श्रेणी के बुद्धिमान मतदाता केवल-और केवल भाजपा के ही प्रत्याशी को मतदाता देने से नहीं रोक पाएगा। जीत में भारी अंतर ही कार्यकताओं की मेहनत बताती है। उक्त बातें इलाहाबाद झांसी खंड स्नातक से भाजपा प्रत्याशी डा. यज्ञदत्त शर्मा के समर्थन में आयोजित मतदाता सम्मेलन में विधायक डा. अजय कुमार ने कही।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

## अमित मिश्र ने अपर मण्डल रेल प्रबंधक / प्रयागराज मंडल का कार्यभार ग्रहण किया



अमित मिश्र

**प्रयागराज।** शुक्रवार को अमित मिश्र ने अपर मण्डल रेल प्रबंधक / प्रयागराज मंडल का पदभार ग्रहण किया। यह पद अपर मंडल रेल प्रबंधक/ प्रयागराज अनुराग गुप्ता के उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में स्थानान्तरित होने से रिक्त हुआ था। अमित मिश्र 2001 बैच के भारतीय रेल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियरिंग सेवा (IRSSE) के अधिकारी हैं, इन्होने मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, प्रयागराज (MNNIT Prayagraj) से इलेक्ट्रानिक इंजीनियरिंग की स्नातक की डिग्री प्राप्त की है श्री मिश्र ने झांसी मण्डल में वरि. मण्डल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियरिंग/ समंवय , उत्तर मध्य रेलवे, मुख्यालय में उप महाप्रबंधक एवं सचिव/महाप्रबंधक के पद पर कार्य करने के साथ-साथ प्रयागराज मण्डल, झांसी मण्डल एवं उत्तर मध्य रेलवे के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवा प्रदान की है श्री मिश्र को 2020 में वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (SAG) में पदोन्नति मिली है। प्रयागराज मण्डल में आयोजित विदाई और स्वागत समारोह में, मण्डल रेल प्रबंधक मोहित चंद्रा ने अनुराग गुप्ता को अपर मंडल रेल प्रबंधक/ प्रयागराज के रूप में उनके शानदार कामकाज के लिए बधाई दी और नए अपर मंडल रेल प्रबंधक अमित मिश्र का स्वागत किया।

## बिजली मीटर में रिमोट कंट्रोल से हो रही थी बिजली चोरी, धराया





प्रवर्तन दल व विद्युत विभाग की संयुक्त टीम व बिजली मीटर में लगे रिमोट कंट्रोल को दिखाते हुए

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र स्थित महेवा में प्रवर्तन दल व विद्युत विभाग की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को बिजली चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक परिसर में पहुंचे और मीटर को खोल कर जांच पड़ताल कराया तो उक्त मीटर के अंदर रिमोट कंट्रोल स्थापित मिला। जिससे अधिकारी व कर्मचारी दंग रह गए। आरोपी के खिलाफ इंदलपुर उपकेन्द्र परिसर में स्थापित थानें में रिपोर्ट दर्ज कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन निगम लिमिटेड की ओर से बिजली चोरों के खिलाफ अभियान के तहत शुक्रवार को प्रवर्तन दल प्रभारी जनार्दन यादव, विद्युत विभाग के एसडीओ दिनेश प्रसाद सोनकर, सहायक अभियंता मीटर रवींद्र पाल, अवर अभियंता राघवेन्द्र सिंह, आनंद पांडेय व लाइनमैन धीरेन्द्र कुमार समेत कई कर्मचारी नैनी के इंदलपुर उपकेंद्र से जुड़े महेवा में पहुंचे और घरों व प्रतिष्ठानों की बिजली चेकिंग करने लगे। तभी एक परिसर में पहुंचे, जहां पर पांच किलो वाट का संयोजन व थ्री फेस का डिजिटल मीटर स्थापित था। शक होने पर प्रवर्तन दल व विद्युत विभाग की संयुक्त टीम ने परिसर के मालिक कुदसिया बेगम पत्नी मोहम्मद शफीक उर्फ नाटे को मौके पर बुलाया गया, लेकिन वह नहीं आए। तब गठित संयुक्त टीम ने बकायदा फोटो व वीडियोग्राफी करते हुए मीटर को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की तो चौंकाने वाले परिणाम सामने आया। मीटर के अंदर रिमोट कंट्रोल के उपकरण स्थापित मिले। यह देख मौजूद अधिकारी व कर्मचारी दंग रह गए। बताया जाता है कि मीटर कंट्रोल के जरिए आरोपी बीते कई महीनों से बिजली चोरी करने में जुटा हुआ था। संबंधित अधिकारी ने इंदलपुर उपकेंद्र में स्थापित थानें में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ बिजली अधिनियम धारा 135 के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया है। वहीं दिन भर कार्रवाई चलने से बिजली चोरों में हड़कंप मचा रहा।

## संक्षेप समाचार

### भाजपा नेता पर पुलिसिया उत्पीड़न को डिप्टी सीएम ने लिया संज्ञान

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के काजू गांव में भाजपा नेता उमेश केसरवानी के घर पर अराजक तत्वों द्वारा आधी रात को घण्टो फायरिंग किए जाने के बाद थाना पुलिस ने भाजपा नेता उमेश केसरवानी और उनके भाई को गिरफ्तार कर पुलिस थाने में उन पर जमकर लाठियां बरसाईं और हद तो तब हो गई जब भाजपा नेता की बंदूक को पुलिस घर से उठा लाई और भाजपा नेता की बंदूक से थाने में फायरिंग कर अराजक तत्वों को बचाव का रास्ता पुलिस ने बना दिया। इस विवाद की जड़ में जाएं तो भाजपा नेता उमेश केसरवानी के पिता मानिक चंद केसरवानी ने तत्कालीन सहायक कलेक्टर चायल से नीलामी में एक भूमि खरीदी थी जिस पर तत्कालीन कलेक्टर ने उमेश केसरवानी के पिता मानिकचंद को जमीन पर काबिज कराया था इसी भूमि के पीछे सरकारी तालाब और अन्य भूमि पर अराजक तत्वों द्वारा गेस्ट हाउस का निर्माण कराया जा रहा है और तहसील से नीलामी में खरीदी गई ।

# लक्ष्य के सापेक्ष धान खरीद न किये जाने पर डीएम ने जताई कड़ी नाराजगी

**जिलाधिकारी ने क्रय एजेन्सी प्रबन्धकों को धान क्रय केन्द्रों का भ्रमण कर नियमित रूप से अनुश्रवण करते रहने का दिया निर्देश**






धान खरीद की प्रगति की समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी व समीक्षा बैठक मे शामिलं डिप्टी आरएमओ और केंद्र प्रभारी

**कौशाम्बी।** डीएम अमित कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में धान खरीद की प्रगति के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने धान की खरीद लक्ष्य के सापेक्ष कम पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष धान की खरीद करने का निर्देश सभी क्रय केन्द्र प्रभारियों को दिया है। साथ ही साथ यह भी कहा कि जिन केन्द्रों में धान की खरीद लक्ष्य के सापेक्ष कम पायी जाती है तो ऐसे क्रय केन्द्र एजेन्सियों को ब्लैक लिस्टेड किया जायेगा।

उन्होने सभी क्रय एजेन्सियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा है कि धान खरीद में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदाशीनता क्षम्य नहीं होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक धान क्रय केन्द्रों के लिए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष खरीद अनिवार्य रूप से सुनिश्चित हो। उन्होने कहा कि किसानों को धान की बिक्री करने में किसी भी प्रकार की परेशानी नही होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने सभी क्रय एजेन्सी प्रबन्धकों को धान क्रय केन्द्रों का भ्रमण कर नियमित रूप से अनुश्रवण करते रहने का निर्देश दिया है।उन्होंने क्रय केन्द्रों पर कांटे को निरन्तर चेक करते रहने एवं बोरे की कमी न होने देने का निर्देश सभी क्रय केन्द्र प्रभारियों को दिया है। जिलाधिकारी ने डिप्टी आरएमओ को तथा क्रय केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया है कि किसानों के धान खरीद का मूल्य निर्धारित समय सीमा में उनके खाते में आवश्यक रूप से पहुंच जाना चाहिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदाशीनता क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने क्रय केन्द्रो पर साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था निरन्तर बनाये रखने का निर्देश दिया है। उन्होंने सख्त हिदायत देते हुए कहा है कि धान खरीद में किसी भी बिचौलिए का हस्ताक्षेप नहीं होना चाहिए, बिचौलियों से किसी भी दशा में धान न खरीदा जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी श्री मनोज, डिप्टी आरएमओ अंशुमाली, सभी केन्द्र प्रभारियों के अलावा एमआई सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



विक्रम का चालान करती यातायात पुलिस

## 50 से अधिक वाहनों का चालान कर 9 हजार 6 सौ रुपये वसूला जुर्माना

**यातायात पुलिस और मंझनपुर कोतवाली पुलिस की संयुक्त कार्रवाई से मचा हड़कम्प**

**कौशांबी।** यातायात पुलिस और मंझनपुर कोतवाली पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में मंझनपुर रोड धाता रोड करारी रोड नारा रोड आदि सड़कों पर अभियान चलाकर टैक्सी ई–रिक्शा विक्रम अप्पे एवं अन्य वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की गई ऐसे वाहनों को चिन्हित कर जो सीमा से अधिक सवारी बैठाते हैं तेज गति से वाहन चलाते हैं गलत वाहन पार्किंग करते है वाहनों के ऊपर स्टैंड लगाकर चमकदार चाइनीस लाइट लगाकर वाहनों के प्रपत्र सही नहीं रखते चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस ना दिखाने पर वाहन में तेज एवं अश्लील हॉर्न बजाने वाले वाहनों पर कार्रवाई कर 50 से अधिक वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई यातायात और मंझनपुर पुलिस द्वारा संयुक्त रुप से की गई तथा 20 से अधिक वाहनों से मौके पर 9 हजार 6 सौ रुपये जुमार्ना वसूला गया 16 वाहनों से टेप एवं साउंड बॉक्स निकलवाये गए पुलिस और यातायात पुलिस की संयुक्त करवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

### लॉटरी का लालच देकर युवती से ठगों ने ठगा 30 हजार

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के पिंडरा सहावनपुर गांव की रहने वाली एक युवती को जालसाजों ने लॉटरी निकलने का लालच देकर 30 हजार की ठगी कर लिया है ठगी की जानकारी होने पर पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी है। शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पिंडरा सहावनपुर गांव की ललिता देवी के पिता द्वारिका प्रसाद पाल की बचपन मे मौत हो गई। 23 नवंबर को उसके मोबाइल पर फोन आया। फोन करने वाले खुद को एक कंपनी का मालिक बताया। उसने ललिता को बताया कि उसके नाम लॉटरी में स्कूटी व सिलाई मशीन निकली है। कथित कंपनी के मालिक ने एक बैंक खाता नंबर बताकर उसमें 30 हजार रुपये डालने को कहा। ललिता के मुताबिक झांसे में आकर उसने कथित कंपनी मालिक के खाते में 30 हजार रूपया डाल दिया। इसके बाद ललिता ने जिस नंबर से फोन आया था, उसमें कॉल किया तो वह बंद मिला। काफी प्रयास के बाद भी जब फोन नहीं लगा तो ललिता ने शुक्रवार को पुलिस से शिकायत की है।

# भरवारी नगर का जाम बना लाइलाज, घंटों जाम में फंसे लोग

**एक तरफ रेलवे अधिकारियों की लापरवाही दूसरी तक यातायात पुलिस की घोर लापरवाही जाम का बना कारण**



भरवारी कस्बे में लगे जाम का दृश्य

**भरवारी कौशाम्बी।** जिले के सबसे व्यस्त कस्बा भरवारी नगर में सड़क जाम की समस्या लाइलाज बन चुकी है जिसका खामियाजा नगर वासियों के साथ साथ बाहरी लोगों को भी झेलना पड़ रहा है बार-बार लोगों ने जाम के झाम से निजात दिलाने की मांग प्रशासन के साथ जनप्रतिनिधि से की जिस पर गौरा रोड का वनवे कर दिया गया और जाम से निजात दिलाने के लिए यातायात पुलिस और होमगार्ड की ड्यूटी भी रेलवे फाटक पर लगाई गई लेकिन यातायात पुलिस और ड्यूटी पर लगे होमगार्ड के जवान विक्रम टेंपो आते बस आदि वाहनों से अवैध वसूली तक सीमित है जिससे भरवारी कस्बे का जाम लाइलाज बन चुका है और इस जाम के चलते जहां जनता परेशान हो रही है वही जाम का खामियाजा बीमार वृद्धजन भी उठा रहे हैं यदि भरवारी कस्बे के इस जाम में किसी बीमार व्यक्ति का वाहन फंस गया तो उसका अस्पताल पहुंचना संभव होगा या नहीं यह भगवान भरोसे पर हो जाता है। पूर्व जिलाधिकारी ने भरवारी कस्बे के गौरा रोड को वनवे घोषित कर दिया था लेकिन यातायात पुलिस पूर्व जिलाधिकारी के आदेश का पालन नहीं करा पा रही है जो जाम का प्रमुख कारण है वही भरवारी रेलवे के अधिकारियों ने भी इस जाम को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है रेलवे लाइन पर लगे फाटक को रेलवे अधिकारियों ने नीचे कर दिया है पहले इस फाटक से बाइक साइकिल वाले फाटक के नीचे से झुक कर निकल जाते थे जिससे जाम कम लगता था लेकिन फाटक को नीचे कर दिए जाने के बाद अब बाइक और साइकिल वालों को फाटक से निकलने में दिक्कत होती है जिससे वह भी बंद फाटक पर खड़े हो जाते हैं वही रेलवे फाटक के दोनों तरफ विक्रम टेंपो बस ट्रके खड़ी हो जाती है जिससे जाम बढ़ जाता है वही रेलवे फाटक के आसपास विक्रम टेंपो प्राइवेट बस वाले वाहनों को खड़ी कर सवारियां भरते हैं जिससे रेलवे फाटक खुलने के बाद भी जाम में फंसे वाहनों को निकलने के लिए रास्ता नहीं मिल पाता है और फाटक खुलने के बाद 20 मीटर का रेलवे फाटक पार करने में घण्टो का समय लग जाता है एक तरफ रेलवे अधिकारियों की लापरवाही दूसरी तरफ यातायात पुलिस की घोर लापरवाही जाम का कारण बन चुकी है नगर वासियों ने भरवारी कस्बे के जाम को समाप्त करने के लिए कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से मांग की है लेकिन आम जनता की आवाज पर कार्यवाही नहीं की गई है जिससे जाम की समस्या लाइलाज बनी हुई है।

# बाइक बचाने में एम्बुलेंस पलटी, बाइक सवार की मौके पर हुई मौत

**एम्बुलेंस चालक समेत तीन की हालत नाजुक,प्रयागराज रेफर**

**प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ राजमार्ग पर कुंडा कोतवाली के शेखपुर आशिक स्थित एस बी आई बैंक के सामने एम्बुलेंस और बाइक में टक्कर हो गयी।बाइक सवार को बचाने में एम्बुलेंस अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे एम्बुलेंस में सवार लोग घायल हो गये।उधर शेखपुर निवासी नफीस की मौके पर ही मौत हो गयी।मौके पर पहुची पुलिस एम्बुलेंस सवार घायलों को इलाज के लिए सीएचसी कुंडा पहुचाई जहाँ एम्बुलेंस चालक समेत तीन की हालत नाजुक देख उन्हें इलाज के लिए प्रयागराज रेफर कर दिया गया।जानकारी के अनुसार कुंडा कोतवाली क्षेत्र के अलुवामई के एक डिस्चार्ज मरीज को लेकर एम्बुलेंस प्रयागराज से कुंडा जा रही थी।

### ट्रैक्टर पलटा, चालक की मौत

**प्रतापगढ़।** थाना जेठवारा थाना क्षेत्र के डाडी गांव में अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर एक गड्ढे में पलटा चालक सुरेश यादव45वर्ष पुत्र ज्वाला प्रसाद यादव निवासी पूरे रामलाल डांडी का रहने वाला है उसे गंभीर चोटें आई जिसको गाँव के लोगों के सहयोग से जिला अस्पताल भेजा गया गांव वालो की माने तो 102 इमरजेंसी एंबुलेंस सेवा के लिए फोन किया गया था लेकिन एंबुलेंस ना आने के कारण अपने निजी वाहन से उसे जिला अस्पताल ले जाया गया ट्रैक्टर डाडी ही गांव के आलोक शुक्ला का बताया जा रहा है चालक सुरेश यादव की स्थिति बहुत ही नाजुक बनी हुई थी जिसे जिला अस्पताल भेजा गया वहाँ इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गयी ।

### तिलक समारोह में छत से गिरकर युवक की मौत

**प्रतापगढ़।** तिलक समारोह में काम के दौरान छत से गिरने पर मनोरोगी की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।मानधाता इलाके के गाजीपुर निवासी सदानंद गुप्ता (42) मनोरोगी था। गुरुवार रात जेठवारा के सराय महासिंह में मौसी के लड़के के तिलक में शामिल होने के लिए गया था। रात में कार्यक्रम के दौरान घर की छत पर कुछ सामान रख रहा था। इस दौरान पैर फिसलने से गिर गया। घबराए परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल भागे। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।

### बुलेट–बाइक की भिड़ंत में बुजुर्ग की मौत

**प्रतापगढ़।** बुलेट–बाइक की भिड़ंत में बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों ने अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है।जेठवारा इलाके के सराय निवासी राम लखन (62) गुरुवार रात पड़ोसी गांव में निमंत्रण में गए थे। आधी रात लौटते समय कानूपुर चैराहे के पास प्रतापगढ़–कुंडा रोड पर सामने से आ रहे बुलेट सवारों ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। घटना के बाद बुलेट सवार लोग फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस से राम लखन को जिला अस्पताल भेजा। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## ग्रामीणों ने आवास आवंटन में लगाया धांधली का आरोप

**प्रतापगढ़।** लालगंज के ग्राम पंचायत भवराम बोझी में प्रधानमंत्री आवास योजना में अपात्रों को आवास आवंटन का मामला तूल पकड़ रहा है। मामले की शिकायत मुख्यमंत्री को भेजकर प्रधान व सेक्रेटरी की कार्यवाही की जांच की मांग किया है।इधर मामले की संदिग्धता की जांच खंड विकास अधिकारी ने मौके पर जाकर की है। लाभार्थी सूची में प्रथम वरीयता के तहत राम शरण कोरी का नाम जरूर दर्ज है किन्तु ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी की मिली भगत के चलते अपात्रों का चयन किया जा रहा। शिकायती पत्र मे लगे आरोपों व स्थानीय लोगों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्राम प्रधान जिनका चयन करना चाहते है उन सभी के पतियों के नाम पूर्व प्रधान स्व. मोहनलाल वर्मा ने निर्बल आवास दे रखा है। राम शरण का आरोप है कि बीडीओ को गुमराह कर ग्राम प्रधान द्वारा लाभार्थियों के पूर्वजों के नाम दिया गया आवास बताया गया है जबकि हकीकत कुछ और है। रामशरण कोरी ने खण्ड विकास अधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री,पंचायती राज मंत्री, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी व डीपीआरओ को भी शिकायती पत्र भेजकर कार्यवाही की मांग की है।




अ/िवक्ता परिषद प्रतापगढ़ द्वारा आयोजित संविधान दिवस पर बैठक में शामिल न्यायमूर्ति व अन्य।

## अधिवक्ताओं के बीच रहने पर मिलता है सुकून : न्यायमूर्ति

**अधिवक्ताओं को बार और बेंच की गरिमा को ध्यान में रखकर करना होगा कार्य : न्यायमूर्ति विवेक सिंह**

**प्रतापगढ़।** अधिवक्ता परिषद प्रतापगढ़ द्वारा आयोजित संविधान दिवस कार्यक्रम कलेक्ट्रेट परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय न्याय मूर्ति प्रयागराज विवेक सिंह मौजूद रहे।

अधिवक्ताओं को संविधान के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं को बार और बेंच की गरिमा को ध्यान में रखते हुए कार्य करना चाहिए। आजादी के समय में भी जितने भी महापुरुष हुए उनमें से ज्यादातर वकील ही रहे हैं। अधिवक्ताओं को अपने मुवक्किल द्वारा दिये गए कार्यों के प्रति पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करना चाहिए और मुवक्किल को न्याय दिलाने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए ।न्याय मूर्ति ने अधिवक्ताओं के परिश्रम को सराहते हुए कहा कि अधिवक्ता कितनी मेहनत करता है इसे मैं महसूस करता हूँ ।कोई भी न्यायिक अधिकारी कितना भी बड़ा पद क्यों न पा जाये किन्तु वह अधिवक्ता ही रहता है । उन्होंने कहा कि प्रतापगढ़ से मेरा पुराना रिश्ता है ।अधिवक्ताओं को जब भी मेरी जरूरत पड़ेगी मैं हमेशा उपलब्ध मिलूंगा ! कार्यक्रम में अपर महाधिवक्ता कुलदीप पति त्रिपाठी, अपर शासकीय अधिवक्ता संजय सिंह , आशीष मौर्य ,आशीष गुप्ता, मृदुल गुप्ता ,रवि सिंह , राहुल गुप्ता, शिवकुमार पुष्पजीवी समेत जनपद के वरिष्ठ अधिवक्ता गण मौजूद रहे। संचालन अधिवक्ता परिषद महामंत्री मनोज सिंह ने किया ! अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष महेश गुप्ता ने आये हुए सभी अतिथियों और अधिवक्ता साथियों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

### सहालग शुरू होते ही बढ़ गई यात्रियों की संख्या

**प्रतापगढ़।** संक्रमण काल में सहालग शुरू होते ही यात्रियों की संख्या में इजाफा हो गया है। इसका असर प्राइवेट बस अड्डों के साथ रोडवेज बस अड्डे पर भी दिख रहा है। स्थानीय रोडवेज प्रशासन ने कुछ बसों का राउंड बढ़ा दिया तो कुछ रूटों पर बसों की संख्या बढ़ा दी है।देवोत्थान एकादशी से मांगलिक आयोजनों की शुरूआत होने के साथ यात्रियों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। संक्रमण के कारण ट्रेनों का संचालन ठप होने से रोडवेज बस अड्डे पर सुबह से देर शाम तक यात्रियों की भीड़ जमा हो रही है। बसों की संख्या कम होने के कारण यात्रियों को काफी देर तक इंतजार भी करना पड़ रहा है। यात्रियों की सहूलियत के लिए शुक्रवार को एआरएम रोडवेज पीके कटियार ने प्रयागराज व फैजाबाद रूट पर चलने वाली अनुबंधित बसों का चक्र बढ़ा दिया। दिन में दो चक्कर लगाने वाली बसें अब दिनभर में तीन चक्कर लगाएंगी। इसके अलावा लखनऊ व रायबरेली रूट पर पांच अतिरिक्त बसों का संचालन शुक्रवार से शुरू कर दिया गया है। एआरएम ने बताया कि इससे यात्रियों को सहूलियत भी मिलेगी और निगम का मुनाफा भी बढ़ेगा।



शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान अतरसंड में प्रतियोगिता में प्रतिभागी व निर्णायक।

### शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान अतरसंड में प्रतियोगिताएं संपन्न

**कटरा गुलाब सिंह।** डायट प्राचार्य मोहम्मद इब्राहिम के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता एवं आईसीटी आधारित कक्षा शिक्षण प्रतियोगिता संपन्न हुई । डायट प्रवक्ता डॉ दुर्गेश कुमार एवं प्रवक्ता गर्विता ओझा ने (इनफार्मेशन कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी) आधारित कक्षा शिक्षण प्रतियोगिता संपन्न कराई। जिसमें जनपद के राजकीय माध्यमिक विद्यालय एवं परिषदीय विद्यालय के मोहम्मद फरहीम,सैयद अली, संजय कुमार प्रजापति, सुयेश प्रजापति ,अनूप कुमार तिवारी, बृज भूषण पांडेय, चंद्रेश सिंह, अनिल कुमार आदि ने प्रतिभाग किया तथा पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता डायट प्रवक्ता (कला) शिव बहादुर सिंह ने संपन्न कराई।

## प्राथमिक विद्यालय भदोही में कार्यशाला आयोजित



कार्यशाला में शामिल शिक्षक

**प्रतापगढ़।** प्राथमिक विद्यालय भदोही में महानिदेशक स्कूली शिक्षा के निर्देश के क्रम में मिशन प्रेरणा को सफल बनाने के लिए न्याय पंचायत भदोही के प्रधानाध्यापकों एवम संकुल शिक्षकों की एक कार्यशाला का आयोजन हुआ ।कार्यशाला में विद्यालय को प्रेरक बनाने के लिए प्रेरणा लक्ष्य,प्रेरणा सूची व प्रेरणा तालिका सहित तीनों माड्यूलों आधारशिला,ध्यानाकर्षण और शिक्षक संग्रह पर चर्चा की गई।चर्चा के दौरान ए आर पी राजेश प्रताप सिंह ने प्रेरणा लक्ष्य की अवधारणा को स्पष्ट किया और बताया कि हमारे संकल्प की जरूरत है,लक्ष्य बहुत आसान है।शिक्षा में मात्र5 प्रतिशत की वृद्धि से हमारा विद्यालय समाज का प्रेरणास्रोत होगा जिसकी परिकल्पना उत्तर प्रदेश सरकार ने की है।अब दिखने भी लगा है कि विद्यालयों में आमूल चूल परिवर्तन दिख रहे हैं और हम आप मिलकर नवंबर 2021 तक ब्लॉक को प्रेरक बना लेंगे।बैठक में उपस्थित एस आर जी आशुतोष निर्मल ,ए आर पी सत्यजीत सिंह ने प्रेरणा तालिका और प्रेरणा सूची पर विस्तृत जानकारी दी।ध्यानाकर्षण पर ए आर पी सत्यजीत सिंह और ए आर पी कौशल प्रताप सिंह ने परिचर्चा की। ए आर पी वीरेंद्र यादव ने टाइम एंड मोशन पर विस्तृत चर्चा की।कार्यक्रम में न्याय पंचायत के सभी शिक्षक संकुल,प्रधानाध्यापक व नवनियुक्त अध्यापकों ने प्रतिभाग किया।



सूफी अतीके मिल्लत की मजार शरीफ पर चादरपोशी व गुलपोशी करते

### शानोशौकत से निकला जश्ने गौसिया का जुलूस

**प्रतापगढ़।** लालगंज क्षेत्र के खानापटटी स्थित मदरसा दारूल उलूम बाबुन्नवी मे शुक्रवार को चैवनवें जश्ने गौसिया का जुलूस शानोशौकत के साथ निकाला गया। मदरसा गेट से निकला जुलूस बडी नहर तक जाकर समाप्त हुआ। जुलूस वापस मदरसा पहुंचा जिसके बाद सूफी अतीके मिल्लत की मजार शरीफ पर चादरपोशी व गुलपोशी की गई। कार्यक्रम के दौरान उलमा ए कराम की तकरीर भी हुई। जिसमे मौलाना हजरत रहमानी मियां ने सरकार गौस पाक व अतीके मिल्लत की जिंदगी के बारे मे विस्तार से जानकारी दी। उन्होने कहा कि अतीके मिल्लत ने अपनी सारी जिंदगी गरीब दुखियो व बेसहारा लोगों की मदद मे गुजार दी। इसके तहत सैकडों बच्चो को मुफ्त तालीम व भोजन दिया जाता है। यहां जुटे लोगों ने सूफी हजरत मो. अतीक अहमद की मजार पर चादरपोशी व गुलपोशी कर उन्हें याद किया।